परीक्षा के बाद शत्रु के फाटक पर अधिकार करना

सोचता हूं... आप जानते हैं, मेरे पास जैसे एक छोटा सा विचार है, जब हम वचन को पढ़ते हैं, लोगों को खड़ा होना है। क्या आप ऐसा पसंद नहीं करते? हम प्रतिज्ञा निष्ठा को लेने के लिए खड़े होते हैं, हम अपने राष्ट्र के लिए खड़े होते हैं, अब हम वचन के लिए क्यों नहीं खड़े होते है?

2 जब हम कुछ मिनट के लिए खड़े हुए हैं। ज्यादा समय नहीं हुआ, मैं एक लेख को पढ़ रहा था, और मैं पिछली रात को लोगों के लिए सोच रहा था जो मसीह के लिए खड़े हुए थे। यदि आपने इसे नहीं किया है, तो क्या आप आज इसे नहीं करना चाहेंगे?

3 एक महान सुसमाचारक था, लगभग पच्चतर वर्ष पहले की बात है, मुझे उसका नाम याद नहीं आ रहा है। मैं सोचता हूं वह आर्थर मैककॉय था, और वो देश के उस पार गया था। और एक रात उसे सपना आया था कि वह महिमा के अंदर चला गया है। और वह उस फाटक के पास गया, और उसने कहा उन्होंने उसे अंदर नहीं लिया। और कहा उसने कहा, "मैं आर्थर मैककॉय हूँ, जो संयुक्त राष्ट्र से हूं, मैं एक सुसमाचारक हूं।"

4 सो द्वारपाल अन्दर गया (अब यह एक सपना था) और वह अंदर चला गया, और कहा, "मुझे आपका नाम मिला ही नहीं।"

उसने कहा, "तो, मैं एक सुसमाचारक था।"

उसने कहा, "श्रीमान, मैं... "

5 उसने कहा, "तो ठीक है क्या कोई और मौका है... वहां कुछ तो गलत है।"

6 उसने कहा, "नहीं, श्रीमान। मेरे पास यहां पर किताब है। मैं तुम्हारे नाम को देख भी नहीं पा रहा हूं।"

और उसने कहा, "तो ठीक है, क्या मैं इस विषय में कुछ कर सकता हूं? "

7 उसने कहा, "तुम अपने मामले के लिए सफेद न्याय के सिंहासन पर सुनवाई कर सकते हो।" परमेश्वर, सहायता करना। मैं वहां पर नहीं होना चाहता हूं।

8 उसने कहा, "तो ठीक है, यदि वहीं पर केवल मेरी आशा है, तो फिर मैं सोचता हूं मैं अपने मामले की सुनवाई को करूंगा।"

9 और कहा तब उसने सोचा और वह वहां से दूर चला गया, और बस... और जैसे ही वो बढने लगा वहां पर बहुत ही अंधकार था, वहां से प्रकाश और बढ़ता गया और प्रकाश बढ़ता गया, और कहा ये ऐसा दिखाई दिया वहां पर कोई ऐसा कोई स्थान नहीं था कि वह प्रकाश थम जाए, लेकिन वह ठीक उसके मध्य में था। और कहा उसने कहा, "कौन मेरे न्याय के सिंहासन पर आ पहुंचा है? "

10 उसने कहा, "मैं आर्थर मैककॉय हूँ। मैं एक सुसमाचारक हूं, बहुत से प्राणों को उस देश में भेजा है।"

उसने कहा, "क्या तुम्हारा नाम उस किताब पर नहीं पाया गया था? "

"नही।"

कहा, "तब क्या तुम मेरे न्यायालय में सुनवाई के लिए आये हो? "

"जी हां, श्रीमान।"

11 "तुम्हें न्याय मिलेगा। मैं तुम्हें अपने नियमों के द्वारा तुम्हारा न्याय करूंगा। आर्थर मैककॉय क्या तुमने कभी एक झूठ भी बोला है? "

12 उसने कहा, "मैंने सोचा कि मैं बहुत ही भला व्यक्ति रहा हूं, जब तक मैं इस उजियाले पर नहीं आया था।" उसने कहा, "लेकिन उस उजियाले की उपस्थिति में, मैं एक पापी था।" हम उसी तरह से होंगे। अभी आप बहुत सुरक्षित महसूस कर सकते हैं, लेकिन रूके रहना जब तक आप वहां पर नहीं आते हैं। आप यहाँ पर कैसा महसूस करते हैं, जब वह आपको अभिषेक कर रहा होता है? आप अपने आप को कितना छोटा महसूस कर सकते हैं! तो उस सफेद न्याय के सिंहासन पर क्या होगा?

उसने कहा, "क्या तुमने कभी झूठ बोला है? "

13 उसने कहा, "मैं सोचता हूं मैं तो सच्चा रहा हूं, लेकिन कुछ बातों में, मैं सोचता हूं मैं छोटे–छोटे सफेद झूठ को बोलता था, वे वहां पर बड़े और काले बन गए थे।"

उसने कहा, "हाँ, मैंने कुछ झूठ को बोला है।"

उसने कहा, "क्या तुमने कभी चोरी की है? "

14 उसने कहा, "मैं सोचता हूं मैं बहुत ही इसके बारे में ईमानदार रहा हूं, और कभी भी चोरी नहीं की," लेकिन कहा, "उस उजियाले की उपस्थिति में, मैं—मैं जान गया वहां पर कुछ तो व्यवहार करके मैंने खींचा था, जो कि बिल्कुल ठीक नहीं था।"

उसने कहा, "जी हां श्रीमान, मैंने चोरी की है।"

उसने कहा, "मेरा न्याय... "

15 और वह उसकी सजा को सुनने को तैयार था कि "उसे सनातन की आग में डाल दिया जाए, जो शैतान और उसके दूतों के लिए तैयार की गई है," कहा, "मेरी सारी हड्डियां थरथराने लगी थी।"

16 कहा, "मैंने बहुत ही मधुर आवाज को सुना, जो मेरे जीवन में, मैंने कभी सुनी थी।" उसने कहा, "मैं देखने के लिए पीछे मुड़ा, मैंने सबसे प्यारा चेहरा देखा, जो मैंने कभी देखा था; मां के चेहरे से भी प्यारा चेहरा, मेरी माँ की आवाज से भी मधुर आवाज, जो हमेशा मुझे बुलाती थी।" कहा, "मैंने यहाँ–वहां देखा। मैंने आवाज को सुना, कहा, 'पिता यह सच है उसने झूठ को बोला है और वह तब ईमानदार नहीं था। लेकिन धरती पर वो मेरे लिए खड़ा हुआ था,' कहा, 'अब मैं उसके स्थान पर खड़ा रहूंगा।'"

17 ऐसा ही है जो मैं वहां पर घटित होने के लिए चाहता हूं। मैं अभी उसके लिए खड़ा रहूंगा, कि, जब वह समय आये, वो मेरे स्थान पर खड़ा रहे।

18 आइए उत्पति 22 से पढेंगे, 15, 16, 17, और 18 पदो को।

फिर यहोवा के दूत ने दूसरी बार स्वर्ग से इब्राहीम को पुकार के कहा,

यहोवा की यह वाणी है, कि मैं अपनी ही यह शपथ खाता हूं, कि तू ने जो यह काम किया है कि अपने पुत्र, वरन अपने एकलौते पुत्र को भी, नहीं रख छोड़ा:

इस कारण मैं निश्चय तुझे आशीष दूंगा; और निश्चय तेरे वंश को आकाश के तारागण, और समुद्र के तीर की बालू के किनकों के समान अनगिनित करूंगा, और तेरा वंश अपने शत्रुओं के नगरों का अधिकारी होगा:

और पृथ्वी की सारी जातियां अपने को तेरे वंश के कारण धन्य मानेंगी: क्योंकि तू ने मेरी बात मानी है।

आइये प्रार्थना करे।

19 स्वर्गीय पिता, अब इन शब्दों को लेकर प्रभु और हमारे लिए सेवकाई को करे। होने पाए पवित्र आत्मा वचनो को लेकर सीधे हर एक हृदय के अंदर डाल दे। जिससे आज की दोपहर हमारी अपेक्षाओ को पूरा करे, क्योंकि वे बहुत ही अधिक हैं, प्रभु। और आपने हमें बहुतायात से मांगने के लिए बताया है, जिससे कि हमारा आनंद पूरा हो सके। हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

आप लोग बैठ सकते हैं।

20 यदि मैं इस एक विषय को कुछ क्षणों के लिए बोलना चाहूँ। मेरी आवाज थोड़ी धीमी है इसी कारण से मुझे माइक्रोफोन के पास खड़ा रहना होगा। मैं जानता हूं मेरी आवाज गूंज रही है, लेकिन हम थोड़ा सा धीरज रखेंगे। मैं इस पर बताना चाहता हूं: *परीक्षा के बाद शत्रु के फाटक पर अधिकार करना* ।

21 हमारा दृश्य अब्राहम के सबसे अद्भुत दृश्यो में से एक में खुलता है। आप जानते हैं कि अब्राहम विश्वासयोग्य का पिता था। और अब्राहम को प्रतिज्ञा की गई थी। और केवल वही लोग उसके साथ वारिस होते है, मसीह में से होते हुए, केवल वही वह तरीका है हम प्रतिज्ञा को पाते हैं, वह अब्राहम के जरिए से है। अब, अब्राहम एक साधारण सा मनुष्य ही था, लेकिन वह परमेश्वर के द्वारा बुलाया गया था, और वह उस बुलावट के प्रति विश्वासयोग्य था। जब परमेश्वर ने उससे बात की, अब्राहम ने कभी एक बार भी उसकी आवाज़ पर संदेह नहीं किया। वह ठीक उसके साथ बना रहा। कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या परेशानियां थी, वो ठीक इसके साथ बना हुआ था।

22 और तब उसे एक पुत्र की प्रतिज्ञा दी गई थी। और वह पच्चीस वर्षों तक उस पुत्र को पाने के लिए रुका रहा, कोई भी इसके विरोध में आने दो, हालाँकि यह इसी तरह से था। और बाद में, इस पुत्र में, धरती के सारे परिवार आशीषित होंने थे, और ये महान व्यक्ति उसकी बुलावट और प्रतिज्ञा वचन के प्रति विश्वासयोग्य था।

23 वह उसका एक उदाहरण था कि हमें क्या होना चाहिए। अब हम, मसीह में मरे हुए है, हम अब्राहम के बीज हैं।

24 अब, वहां पर दो अब्राहम के बीज थे। उनमें से एक स्वभाविक बीज था; और दूसरा एक आत्मिक बीज था। उनमें से एक उसके शरीर के द्वारा स्वाभाविक था; और दूसरा एक उसके विश्वास का बीज था, वह विश्वास, जिससे अब हम प्रतिज्ञा वचन के द्वारा अब्राहम के बीज बन सकते है।

25 और अब उसकी पच्चीस वर्षो की लंबी परीक्षा के बाद, ऐसा हुआ था, और वह कमजोर होने की बजाये, वह मजबूत होता गया। देखो, यदि यह पहले वर्ष में नहीं हुआ, अगला वर्ष ये और अधिक अद्भुत होगा, क्योंकि वहां पर वो दो वर्ष हो गए थे। और वो उन वर्षो में बढता गया, जैसे–जैसे वह बुढा होता गया और उसका शरीर मुरझाने लगा था। और सारा का गर्भ, वो गर्भ, या ये बंजर (हो गया) था। और इसीलिए उसकी सारी शक्ति चली गई थी और वहां... ये पूरी तरह से असंभव बात थी।

26 क्या कभी आपने सोचा कि परमेश्वर ने वहां पर क्या किया? देखो, उसने अधिक कुछ भी नहीं केवल उसके गर्भ को उपजाऊ बनाया। क्योंकि याद रखना यदि उसने ऐसा किया, तब याद रखना यदि उसने ऐसा किया... उनके पास उन दिनों में सेहत और स्वास्थ्य बनाने की बोतले नहीं होती थी, बालक को देने के लिए, गाय का दूध था। समझे? उसे यह भी... उसकी दूध की नसें सुख गई थी। इसलिए वो... वहां पर कुछ तो घटित होने जा रहा था।

27 तब इस एक महिला की ओर देखें, सौ वर्ष की आयु, जो प्रसव वेदना के अंदर जा रही है। उसका हृदय इसके लिए तैयार नहीं होगा। आज ये चालीस वर्ष की महिला के लिए करना बहुत ही कठिन है। उसका हृदय इसे लेने के लिए नहीं तैयार था। तो आप जानते हैं उसने क्या किया? यदि आप ध्यान से देखें...

28 अब मैं जानता हूं बहुत से लोग इस बात से सहमत नहीं होंगे। क्या यह बयान को देना ठीक होगा? देखो, मैं... यह मेरे खुद के विचार होंगे।

29 देखो, बाइबल एक अलौकीक किताब है। ये इस तरह से लिखी गई है जो कि धर्म विद्यालयों से और धर्म ज्ञानियों से छिपी हुई है। कितने लोग यह जानते हैं? यीशु ने परमेश्वर को धन्यवाद दिया। उसने कहा, "मैं तुझे धन्यवाद देता हूं, पिता कि आपने इन बातों को ज्ञानी और समझदारों से छिपाकर रखा और इसे बालकों पर प्रकट किया जो सीखना चाहते हैं।" यह एक प्रेम की किताब है। जब परमेश्वर का प्रेम हृदय में आता है, तब

आप परमेश्वर के साथ प्रेम करने लगते हैं, तब वह अपने आप को प्रकट करता है, जो बाइबिल का अर्थ है। बाइबिल का अनुवाद, परमेश्वर स्वयं उसकी प्रतिज्ञाओं का अनुवाद कर रहा है। लेकिन बाइबिल, ये लकीरों के बीच में लिखी हुई है।

30 जैसे अब मेरी पत्नी, ओह, वो सारी दुनिया में सबसे अच्छी महिला है, और मैं सचमुच उससे प्रेम करता हूं। वह मुझसे प्रेम करती है, सो जब मैं अपने घर से दूर रहता हूं, वह मुझे एक पत्र लिखती है, "प्रिय बिल, आज रात मैंने अभी–अभी बच्चों को सुलाया है। मैंने आज कपड़े धोये," और जो कुछ भी उसने किया है और इत्यादि। अब वह पत्र पर कुछ कह रही है। लेकिन, आप देखना, मैं उससे बहुत प्रेम करता हूं, और हम पूरी तरह से एक हैं, इतना तक कि मैं—मैं लकीरों के बीच में पढ़ सकता हूं। मैं जानता हूं कि वह क्या कहना चाहती है, देखो, वह चाहे मुझे बताये या नही बतायें, देखो। मैं—मैं जानता हूं उसका क्या अर्थ है क्योंकि यह मेरा उसके प्रति प्रेम है, और मेरी समझ है।

31 तो, इसी तरह से बाइबल लिखी हुई है। समझे? वे—वे जो धर्म ज्ञानी है ये सीधे उनके ऊपर से निकल जाता हैं; वे इसे कभी नहीं पकड़ पायेंगे। देखो, आपको वचन के साथ, और उसके साथ प्रेम में पड़ना होगा, और "उसे जानना ही।" समझे?

32 अब, अब यहां पर, देखो उसने क्या किया। अब अब्राहम और सारा दोनों ही बूढ़े थे, "आयु में अधिक," बाइबिल ने कहा। अब यह केवल ऐसे नहीं था क्योंकि वे वहां बहुत लम्बे समय तक लोग जीते थे। बाइबिल ने कहा कि, "वे आयु में अधिक थे।"

33 अब ध्यान देना, दूत के उपस्थित होने के तुरंत बाद ही, हम जिसके बारे में बात कर रहे थे; जो एलोहीम था, परमेश्वर। और उसने कहा, अब्राहम को बताया, "मैं जीवन के समय के अनुसार तुमसे मुलाकात करूंगा।" अब ध्यान देना, वहां से लेकर नीचे तक, वे एक कलीसिया का नमूना रहे थे, वहां से लेकर आगे होते हुए।

34 अब देखो। यहां पर क्या घटित हुआ था। अब, उसने ऐसे ही सारा पर ऊपर ही ऊपर से काम नही किया, ऐसे ही अब्राहम पर ऊपर ही ऊपर से काम नही किया। उसने उन्हें एक जवान पुरुष और महिला में बदल दिया। अब यह हो सकता है कुछ विचित्र सा लगे, लेकिन आप बाकी के वचन को

देखें और इसे एक साथ जोड़ दें। वो वचन प्रेरित करता है और आपको वचन के साथ प्रेरित होना है। अब, याद रखें, इस के तुरंत बाद ही, इस दूत के उपस्थित होने के तुरंत बाद...

35 मैं इसे तब सारा के सफेद बालों को देख सकता हूं, छोटी दादी माँ जो अपने कंधों पर शाल को ओढे हुए, और एक धुल से भरी टोपी, हाथों में लकड़ी लिए हुए यहां–वहां जाती हुई। "क्या मुझे मेरे स्वामी से सुख प्रदान होगा, और वो भी बूढे है?" समझे? और यहां पर अब्राहम था, लंबी सी दाढ़ी, हाथ में छड़ी लिए हुए, वो ऐसे ही था, वो आयु में अधिक था।

36 और मैं देखता हूं, अगली सुबह को उसके कंधे ऊपर की ओर सीधे होने लगे, उसकी पीठ का कुबड सही होने लगा। और उसके बाल बदलने लगे। वे वापस एक जवान पुरुष और महिला बन गए थे। यह तो बस यह दिखाता है कि वह अब्राहम के शाही बीज के लिए क्या करने जा रहा है, देखो, जब हम "पलक झपकते ही पल भर में बदल जाएंगे, और एक साथ उठा लिए जायेंगे।"

37 ध्यान देना क्या हुआ था। अब मैं आपको इसे साबित करूंगा। अब वे जहाँ पर थे उस स्थान से यात्रा पर निकले थे, वहां अमोरा के लिए; और वहां से दूर गरार की ओर गए, वहां नीचे पलिश्तीं देश में। क्या आपने ध्यान दिया? नक़्शे पर देखना, ये कितना दूर है। उस उम्र के जोड़ें के लिए ये काफी लम्बी यात्रा है।

38 और फिर इसके बावजूद उस पलिश्तीं देश में—में, वहां पर एक अबिमेलेक नाम का जवान राजा था, और वह एक पत्नी के लिए देख रहा था। और उसके यहां, वे सारी सुंदर पलिश्तीं लड़कियां थी, लेकिन जब उसने दादी माँ को देखा, उसने कहा, "वह दिखने में सुंदर है," और उससे प्रेम करने लगा और वो उसके साथ विवाह करना चाहता था। यह सही है। हूं–हूंह। देखो, वह बहुत ही सुंदर थी। समझे?

39 वह एक जवान स्त्री में बदल गई थी। ध्यान देना, उसे होना था ताकि उस बालक को लेकर आए। और परमेश्वर ने उसे एक नई सृष्टि बनाया। और उसे होना था, इस बालक को पालने के लिए। और याद रखना, अब्राहम, "उसका शरीर लगभग निर्जीव था," और सारा मर गई, जब अब्राहम... इसहाक पैतालीस वर्ष की उम्र का था, और मैं सोचता हूं, जब सारा मरी

थी। और अब्राहम ने एक और स्त्री से विवाह किया और इसके बाद, उसके पास सात पुत्रो के अलावा पुत्रियां थी। आमीन।

40 देखो, लकीरों के बीच में पढ़ लेना। यह एक प्रतीक है। यह दिखाता है कि वो सारे अब्राहम की संतानों के साथ क्या करने जा रहा है। हम बस इसके नजदीक आ रहे हैं, इसलिए हमारे झुके हुए कंधे और इत्यादि इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता, मित्रों। और हमारे सफ़ेद बाल और जो कुछ भी हैं, इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता है। हम पीछे मुड़कर नहीं देखते। आइये हम आगे देखे कि हम क्या होने जा रहे हैं।

41 और याद रखना, यह चिन्ह जिसे हम देख रहे हैं वो अंतिम चिन्ह था जिसे अब्राहम और सारा ने देखा, इससे पहले की प्रतिज्ञा का पुत्र अस्तित्व में आए। हम विश्वास करते हैं, हम उसी घड़ी पर हैं।

42 वो महान व्यक्ति, इस पुत्र के जन्म के बाद... क्या आप कल्पना कर सकते हैं, इसहाक लगभग बीस वर्ष की उम्र का प्यारा सा लड़का था, घुंघराले बालो वाला लड़का, छोटी भूरी आंखें? मैं कल्पना कर सकता हूं कि उसकी मां ने कैसा महसूस किया होगा; वो सुंदर जवान महिला, और ऐसे ही उसका पिता था। और एक दिन, परमेश्वर ने कहा, अब एक उदाहरण के लिए; हम दूर आ चुके है, वो घड़ी को आने पर है। "मैं तुम्हें इस लड़के के जरिए से राष्ट्रों का पिता बनाऊंगा, लेकिन मैं चाहता हूं तुम उस लड़के को लेकर उस पहाड़ के ऊपर जाओ, जो मैं तुम्हें दिखाऊंगा और मैं चाहता हूं कि तुम उसे वहां पर एक बलिदान करके मार डालो।" क्या आप इसकी कल्पना कर सकते हैं?

43 अब आपको इस तरह की परीक्षा के लिए नहीं कहा जायेगा? वह अभी ऐसा नहीं करता है। यह तो उदाहरण थे, परछाईयां थी।

44 क्या अब्राहम डरा? नहीं, श्रीमान। अब्राहम ने यह कहा, "मैं पूरी तरह से मान लेता हूं कि वह उसे मुर्दों में से जिलाने के लिए सक्षम है, क्योंकि मैंने उस एक को मृत में से पाया है। और यदि यह परमेश्वर की आज्ञा मुझे इसे करने के लिए कहती है, तो मैं इसके साथ सच्चा बना हुआ हूं और इसकी भरपाई हो चुकी है, मेरे पास ये बालक को होने के लिए; परमेश्वर उसे मुर्दों में से जिलाने के लिए सक्षम है; जिससे यह मुझे मिला है, एक चिन्ह की नाई।"

45 ओह, मेरे, दोस्तों! यदि परमेश्वर आप पेंटीकोस्टलस को पवित्र आत्मा देता है, अन्य भाषा में बोलना, कितना अधिक आपको उसकी चंगाई की सामर्थ में विश्वास करना चाहिये, और उसकी भलाई और करुणा के लिए! यदि उसने इसे देश के सारे धर्म ज्ञानियों के विरोध में किया! उन्होंने कहा ऐसा नहीं किया जा सकता है, लेकिन परमेश्वर ने इसे किया क्योंकि उसने उसकी प्रतिज्ञा की है। तब मैं आपके बंदूक का सामना करूंगा, आपके शब्दो के, आपकी तलवार का सामना करूंगा, मैं परमेश्वर के वचन को विश्वास करता हूँ। परमेश्वर ने ऐसा कहा है, और यह ऐसा ही है!

46 ध्यान देना, वो उसे खच्चर पर वहां से तीन दिन की यात्रा करके ले गया। अब मैं जा सकता हूँ, जब मैं गाड़ियों में जाता था, मैं तीस मील रोज जंगलों में से होते हुए गाड़ी चलाता था; और हमारे पास गाड़ियों के पांव है, वैसे ही बोलने के लिए। लेकिन उन मनुष्यों के पास, केवल जो यहाँ से वहां जाने का साधन था, या तो एक गधे में सवारी करना या—या फिर पैदल चलना। वह जहाँ था वहां से लेकर वो तीन दिन की यात्रा करके वहां पर गया था, और फिर उसने वहां जंगल में अपनी आंखों को ऊपर उठाया और दूर पहाड़ की ओर देखा।

47 उसने इसहाक को लिया और उसके हाथों को बांध दिया। जो, हम सब जानते हैं, यहां उत्पत्ति 22 में है, जो एक मसीह का प्रतीक है। उसे पहाड़ की ओर उसकी अगुवाई की, बंधा हुआ, जैसे यीशु को ऊपर पहाड़ पर जाने की अगुवाई हुई, कलवरी के पहाड़ पर; एक परमेश्वर का प्रतीक जो पुत्र को दे रहा है, निसंदेह।

48 लेकिन जब वे वहां पर गए, और वह आज्ञाकारी था, इसहाक संदेहास्पद होने लगा, उसने कहा, "पिता यहां पर लकड़ी है, यहां पर वेदी है, यहां पर आग है, लेकिन बलिदान कहां पर है? "

49 और अब्राहम, जो अपने मन में जानता था, अब भी परमेश्वर का वचन वहां पर खड़ा हुआ था, उसने कहा, "मेरे पुत्र, परमेश्वर खुद के लिए एक बलिदान का प्रयोजन कर सकता है।" उसने उस स्थान को, "यहोवा यीरे" कहा।

50 और जब उसने उसके पुत्र को बांधा, वह मृत्यु तक आज्ञाकारी था; उसे वेदी पर लेटा दिया, उसने म्यान में से चाकू को निकाला, और अपने खुद

के पुत्र के जीवन को लेने लगा। और जब ऐसा किया, किसी ने उसके हाथ को पकड़ लिया, और कहा, "अब्राहम, अपने हाथ को रोक दो।"

51 और उस समय पर, उसके पीछे, मेंढा मिमियाने लगा, झाडीयों में उसके सिंग फंसे हुए थे।

52 क्या आपने कभी सोचा कि वह मेंढा कहां से आया था? याद रखना, वो देश शेरों से, भेडियों से, गीदड़ो से, भेड़ो के नरभक्षी पशुओं से भरा हुआ था। और वो रोजाना जीवन से कितना दूर था? अंसारी जाति और, तब वहां उस पहाड़ के सबसे ऊपर जहां पर कहीं भी कुछ भी जल नहीं था। उसने यहां वहां से पत्थरों को उठाया, कि वेदी को बनाये। वह मेंढा कहां से आया था? देखा?

53 लेकिन यह एक दर्शन नहीं था। उसने मेंढे को मारा; उसके पास लहू था। उसने क्या कहा? "परमेश्वर खुद के लिए एक बलिदान का प्रयोजन कर सकता है।"

54 कैसे आप कुर्सी पर से चंगाई पाकर खड़े होंगे? कैसे *वो* मंद्बुधि बालक चंगा होगा, या *आप* एक कुर्सी पर से, *आप* वहां से, *आप* जो एक ह्रदय रोगी है? जो कुछ भी आपकी समस्या है, "परमेश्वर खुद के लिए प्रयोजन करने में सक्षम है।"

55 अब्राहम ने उसका विश्वास किया। वह महान व्यक्ति प्रतिज्ञा के लिए सच्चा बना रहा। वह प्रतिज्ञा को देता है कि, "तेरा बीज! क्योंकि तूने मेरे वचन पर विश्वास किया है, परवाह नहीं करते हुए कि परिस्थिति जो भी होने दो, तेरा बीज उसके शत्रु के फाटक पर अधिकार करेगा।"

56 क्यों? हर एक शत्रु जो आता है, एक बड़ी संख्या में, अब्राहम के विरोध में, अब्रा... वो शत्रु, "वह बहुत ही बूढी है। मैं बहुत ही बुढा हूं। और *ऐसा* सब है, जो कुछ भी है।" वह ठीक उस प्रतिज्ञा के साथ अब भी सच्चा बना हुआ था।

57 अब, मनुष्य जो उस विश्वास को रखता है, परिस्थितियों की परवाह नहीं करते हुए, वो अब भी परमेश्वर के वचन को लेगा। अब, यदि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं, तब आप अब्राहम के बीज नहीं है। यही वो विश्वास है जो अब्राहम के पास था, उसका बीज।

58 अब्राहम के लिए प्रतिज्ञा थी कि उसका "बीज," अब जो उसका शाही बीज भी है, जैसे मैंने कुछ समय पहले आपको बताया था। और यह मोहर

जो वह अब्राहम को देता है, एक प्रतिज्ञा की मोहर थी। और वो शाही बीज इफिसियों 4:30 के अनुसार, "पवित्र आत्मा के द्वारा मोहरबंद," है, जब भी परीक्षा के बाद खड़े होते है। इस पर सोचने का यत्न करें।

59 बहुत से लोग सोचते हैं उनके पास पवित्र आत्मा है। बहुत से लोग पवित्र आत्मा के होने का दावा करते हैं। बहुत से लोग प्रमाण और इसके चिन्हों को दिखाते हैं। लेकिन, फिर भी, यदि वे वचन के साथ बने नहीं रह सकते हैं, तो वह पवित्र आत्मा नहीं है। देखा?

60 आप हर एक वचन पर विश्वास करते है, तब आप परीक्षा के बाद मोहरबंद होते हैं। जब हम वचन में की हर एक प्रतिज्ञा को विश्वास करते हैं, तब हम आत्मा के द्वारा मोहर बंद होते हैं, प्रतिज्ञा को प्रमाणित करने के लिए। यही है ये, यही है जो अब्राहम, जिस तरह से उसने इसे किया था। उसके बाद, और केवल उसके बाद ही हम ठीक हमारे शत्रु पर फाटकों पर अधिकार रखते हैं। आप इसे नहीं कर सकते हैं, जब तक आप वह बीज नहीं बनते हैं। याद रखना बाइबिल में...

61 मैंने इस पर बताया है, हॉस्टन या कहीं और जगह पर, वह दूसरा... या मेरा मतलब है, डल्लास पर: सन्देश, *चिन्ह* पर।

62 देखो एक—एक यहूदी वहां इस्राएल में दिखा सकता है कि खतने के द्वारा वो एक यहूदी था। लेकिन परमेश्वर ने कहा, "जब मैं लहू को देखूंगा! और लहू आपके ऊपर एक चिन्ह होगा।"

63 वह जीवन जो लहू में था वह आराधना करने वालों के ऊपर नहीं आ सकता था, क्योंकि यह तो जानवरों का जीवन था, यह केवल आने वाले वास्तविक जीवन की एक छाया थी। तब, वो रसायन, लहू खुद, दरवाजे के ऊपर लाल रंग होना था, और उस दरवाजे की चौखट पर होना था।

64 जुफा से लगाना था जो कि एक आम घास थी, यह दिखाता है कि यह होने के लिए आपके पास सर्वोच्च विश्वास नहीं होना है। आप के पास उसी तरह का विश्वास होना है, वो विश्वास आपके पास होता है, जैसे आपको एक कार को चालू करके, कलीसिया में आने का विश्वास होता है। समझे? बहुत से लोग सोचते हैं कि उन्हें कुछ तो बनना है... लेकिन, नहीं, नहीं यह गलत है। आपके पास लहू को लगाने के लिए केवल साधारण सा विश्वास ही होना है। वचन को सुने, और वचन पर विश्वास करे, इसे लगाये, बस इतना ही। पलिश्तीं देश में कही से भी केवल आम घास को ले, जो जुफा

था। बस एक छोटी सी घास को ले, और जो यहाँ–वहां उन दीवारों की दरारों से उग कर बाहर आती है, उनके लहू में डूबा कर और इसे चौखट पर और दरवाजे के ऊपर लगाना है।

65 और, याद रखना, मैं परवाह नहीं करता हूं कि वे कितनी वाचा में थे, कितना भी यहूदी बताने दो कि उनका खतना हुआ है, वो बहुत अच्छा व्यक्ति रहा था, सारी वाचाये निष्फल थी, जब तक वहां पर लहू नहीं होता था। "जब मैं लहू को देखूंगा," केवल वही।

66 अब, वो लहू अभी, वो चिन्ह, रसायन नहीं है, मसीह के लहू का रसायन, क्योंकि इसे हजारों वर्ष पहले बहाया गया था।

67 लेकिन, आप देखना, कहां... वहां पर रसायन को होना है, उन जानवरों का जीवन मनुष्य के ऊपर नहीं आ सकता है, क्योंकि जानवर के जीवन के पास एक प्राण नहीं होता है। वो जानवर नहीं जानता कि गलत से लेकर सही क्या होता है। ये मनुष्य जाति है जिसके पास एक प्राण है।

68 अब, लेकिन जब यीशु, परमेश्वर का पुत्र, जो कुवारी से जन्मा, उसके लहू को बहाया, वो जीवन जो उस लहू में था खुद परमेश्वर था। बाइबिल ने कहा, "हम जीवन के द्वारा बचाए गए हैं, जो परमेश्वर का लहू है।" एक यहूदी का लहू नहीं, ना ही एक अन्य जाति का लहू; लेकिन परमेश्वर का जीवन। परमेश्वर ने इस लहू के कण की सृष्टि की, कुंवारी से जन्मा। वो कभी किसी पुरुष को नहीं जानती थी, ना ही वो कभी... ना ही वो अंडाणु कभी उसमें से आया था।

69 मैं जानता हूं आप में से बहुत से लोग विश्वास करना चाहते हैं कि अंडाणु ने किया। वहां पर बिना एक अनुभूति के अंडाणु नहीं हो सकता है, तब परमेश्वर क्या करता है? देखा?

70 उसने लहू और अंडाणु दोनों की सृष्टि की, और यही परमेश्वर का भवन था, पवित्र। "मैं अपने पवित्र जन को सड़ते हुए नहीं देखुंगा।" देखो, वह अंडाणु कहां से आया? "ना ही मैं उसके प्राण को अधोलोक में छोडूंगा।" उसका शरीर पवित्र था! ओह, प्रभु! आप नहीं, आप इसे विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो आप कैसे अपने आप को एक मसीह कह कर बुला सकते हैं?

71 "हम परमेश्वर के लहू के द्वारा बचाए गए हैं।" यहीं पर मेरा विश्वास है। हम ना ही एक नबी के लहू के द्वारा वहां चल कर जाते हैं, ना ही एक

साधारण मनुष्य के लहू के द्वारा वहां चल कर जाते हैं, या एक शिक्षक, या एक धर्म ज्ञानी के लहू के द्वारा। हम वहां पर परमेश्वर के लहू के द्वारा चलते हैं। परमेश्वर ने ऐसा कहा है। वह मनुष्य जाति बन गया। उसने उसके गुण को बदल दिया। उसने हमारे साथ यहां पर अपने तंबू को तान दिया, और हम में से एक बन गया। वह हमारा छुड़ाने वाला निकट कुटुम्बी है। उसे हमारा कुटुम्बी बनना था क्योंकि ये नियम था। परमेश्वर मनुष्य बन गया, और हमारे बीच में रहा।

72 ध्यान देना, कैसे इसे करते हुए, वह उसमें से आ रहा है, जो परमेश्वर था, वो आत्मा, और वह आत्मा विश्वासियों के ऊपर आती है। इसीलिए वह जीवन जो कि हमारे उस बलिदान में था, हम उसी जीवन के द्वारा पहचाने जाते हैं।

73 तब वे परमेश्वर के जीवन को कैसे लोगों के बीच में चलता–फिरता देख सकते है, और इसे अशुद्ध चीज कह कर बुलाते हैं, कब हमारी इसी बलिदान की पहचान होती है? "जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं वह तुम भी करोगे।" उसका जीवन... उस बलिदान से वापस आ रहा है, और जब हम इस पर अपने हाथों को रखते हैं, और हमारे खुद के विचारों के लिए मरे होने की पहचान को देते हैं। तब भला कैसे हम खुद को संप्रदायों को हमें मतों और इत्यादि के अंदर डालने दे सकते हैं, और कहे कि हम इसे विश्वास करते हैं? हम उन चींजो के लिए मरे हुए हैं।

74 पौलुस ने कहा, "इनमें से किसी भी बात से मैं चिंतित नहीं होता," क्योंकि वह एक परम सत्य से जुड़ा हुआ था, जो मसीह है। और हर एक सच्ची सफलता एक परम सत्य के साथ जुडी होती है और मेरा परम सत्य वचन है। और हर एक जन कोई भी है, जो—जो वास्तव में आत्मा से जन्मा है, उनका परम सत्य परमेश्वर का वचन है। मैं इसके साथ जुड़ा हुआ हूं। मैंने अपने हाथों को इस पर रखा है। और इसने मेरे स्थान को लिया है, और मैंने अपनी खुद की पहचान उसके साथ दी है। हम जानते हैं कि उसने हमारे साथ खुद की पहचान देने की प्रतिज्ञा की है। जो सच्चे विश्वास को लाता है; ना ही हमारा खुद का विश्वास, लेकिन उसका विश्वास; कुछ तो ऐसा जो आप नियंत्रण नहीं करते हैं। वह इसे करता है। अब ध्यान देना। तब, और केवल तब वही, जब... वही प्रतिज्ञा आपके साथ की जाती है।

75 कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने कलीसियाओ के साथ जुड़े हुए हैं, कितनी बार आपने बपतिस्मा लिया है; आगे झुककर, पीछे की ओर, कहीं भी जहां आप चाहें। जब तक कि वह मोहर आप पर नहीं पायी जाती, तब तक आपके पास कोई भी अधिकार नहीं है कि आप खुद को अपने उस बलिदान के साथ जुड़ा हुआ बताये।

76 और परमेश्वर की मोहर क्या है? इफिसियों 4:30 कहता है, "और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिस से तुम पर छुटकारे के दिन के लिये छाप दी गई है।" ना ही एक बेदारी से दूसरी बेदारी, लेकिन वो उस दिन के लिए अनंतता की मोहर है जब आप छुडाये हुए वापस जाते हैं।

77 और, याद रखना, यदि आप परमेश्वर के विचारों में कभी नहीं थे, तो आप परमेश्वर के साथ कभी नहीं होंगे। कितने लोग यह जानते हैं, वह एक छुड़ाने वाला था? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] तो, फिर, हर एक चीज जो छुड़ाई गई है उसे वापस आना है जहां से वह गिरी है। इसलिए यदि वह हमें छुड़ाने के लिए आया है, तो हम कैसे छुड़ाये जा सकते है, हमें एक समय छुडाये जाने की जरुरत नहीं थी, और हम सब "पाप में जन्मे और अधर्मता से गर्भ में पडे और झूठ बोलते हुए संसार में आए है"? यह दिखाता कि वो सच्चा मसीही परमेश्वर के विचारों का एक गुण है, इससे पहले कि संसार हो, तारा हो, या वायु हो या जो कुछ भी हो। यह अनंतकालीन है, और वह हमें वापस छुड़ाने के लिए आया है। यह परमेश्वर के विचार हैं, जो शब्द के अन्दर बोले गए, और प्रकट बने... और उसके विचार वापस लाया।

78 छुड़ाने वाला निकट कुटुंबी! इसी कारण से परमेश्वर को छुड़ाने के लिए हम में से एक बनना था। कोई भी और इसे नहीं कर सकता है। एक दूत इसे नहीं कर सकता है, कोई भी और नहीं। उसे नीचे उतर कर आना था, उसकी परीक्षा होनी थी जैसे हमारी होती है, ताकि हमें छुड़ाये।

79 अब अब्राहम के स्वभाविक बीज को ध्यान दे। आइए कुछ स्वाभाविक बीज को जांचे, और देखेंगे यदि परमेश्वर उसके वचन को स्वाभाविक बीज के साथ रखता है, जो इसहाक था। आइए कुछ स्वाभाविक बीच को देखेंगे, जिन्होंने परमेश्वर की सारी प्रतिज्ञा पर विश्वास किया था और उनके पास कोई प्रश्न नहीं थे। अब याद रखना, वहां पर हजार गुना हजार, हजार

गुना हजार, इसे हजारों से आप गुणा करे, जो खतना किए हुए थे और वे जो कोई भी थे और फिर भी अब्राहम के बीज नहीं थे। निश्चय ही, "क्योंकि वह यहूदी नहीं, जो प्रगट में यहूदी है; यहूदी वही है जो मन में है।" उनमें से बहुत से लोग चूक गए। वे, उनमें से बहुत से, पूरी तरह से चूक गए थे।

80 देखो जंगल में, उन्होंने कहा, "हम... " उस पर्व के दिन पर, या उस सोते से जल पीते हुए, संत यूहन्ना 6। वे सब आनंद कर रहे थे।

81 यीशु ने कहा, "मैं वह चट्टान हूं जो उस जंगल में थी। मैं वह स्वर्ग से उतरी हुई परमेश्वर की रोटी हूँ, यदि कोई मनुष्य खाता है वह कभी ना मरेगा।"

82 उन्होंने कहा, "हमारे बाप–दादाओ ने जंगल में चालीस वर्षों तक मन्ना खाया।"

उसने कहा, "और उनमें से हर एक जन मर गये।"

83 *मरना*, इस शब्द को लेकर और इसे समझे, देखे की इसका क्या मतलब होता है, "अनंतता के लिए अलगाव होना।" फिर भी वे अब्राहम के बीज थे। "*मरने* का मतलब होता है, सर्वनाश, अलगाव, पूरी तरह से नाश हुआ, सर्वनाश।" यीशु ने कहा और उनमें से हर एक जन मर गये, फिर भी वह खतना किए हुए यहूदी थे।

84 देखो, बेचारे वे लोग, क्योंकि हम केवल मेथोडिस्ट हैं, बेप्टिस्ट है, प्रेस्बिटेरियन है, एक छोटी से अंगीकार को करते हैं, और इसी तरह की चीजो को; शैतान बिल्कुल उतना ही विश्वास करता है, जितना हम करते हैं।

85 लेकिन आपको इसके साथ पहचान देनी होगी। परमेश्वर इसके लिए इसकी गवाही को देता है, पवित्र आत्मा से मोहर बंद करने के द्वारा। वचन के प्रश्न नहीं होता है!

86 यदि आप कहते हैं, "तो ठीक है, अब, यह किसी और दिन के लिए है," वहां पर कुछ तो गलत है।

87 क्या हो यदि एक मनुष्य दौड़ता हुआ आये, और उस व्यक्ति को बताये कि वो प्रकाश चमक रहा था, और वह दौड़कर नीचे तहखाने के अंदर चला जाए, कहे, "मैं बस इसे इंकार करता हूं। मैं बस इसे इंकार करता हूं। वहां

पर ऐसा कोई प्रकाश नहीं है। मैं इसे विश्वास नहीं करता"? वहां उस मनुष्य के साथ कुछ तो गलत है। वो दिमागी रुप से परेशान हैं। यदि वह इसकी गर्म किरण को इंकार करता है, और इसके जीवन देने के स्तोत्र को इंकार करता है, तो वहां पर कुछ तो उसके साथ दिमागी रूप से गलत है।

88 और जब एक मनुष्य परमेश्वर के वचन को देखता है, और उसके सामने स्पष्ट बनता है और पहचान देता है, और बाद में वो मनुष्य उसके संप्रदाय के परदे को नीचे खींच लेता है, उस मनुष्य के साथ आत्मिक रूप से कुछ तो गलत है। उसके साथ कुछ तो गलत है। उस मनुष्य के साथ आत्मिक रूप से कुछ तो गलत है। वह बस इसे स्वीकार नही कर सकता है। "अंधा है, और इसे नहीं जानता," वह न्याय के लिए जा रहा है, और परमेश्वर उसका न्यायी होगा।

89 ध्यान दें जब उन्होंने—उन्होंने इसे किया, और ये बीज जिन्होंने इसे विश्वास किया, देखना कि क्या घटित हुआ था। अब आइए उनमें से कुछ को जाचेंगे, जो अब्राहम के बीज है।

90 आइए इब्रानी बच्चो को ले, क्योंकि वे सच्चे खड़े रहे और उन्होंने उस मूर्ति की आराधना को सहन नहीं किया। उन्होंने एक मूर्ति के आगे नहीं झुकने से मना कर दिया जिसे उस देश के राजा ने बनावाई थी। यह एक पवित्र व्यक्ति की बनी हुई थी, जो दानियेल की मूर्ति थी।

91 यह दिखाता है कि अन्य जाति की पीढ़ी को एक गलत दिशा के नीचे लाया गया था, जो पवित्र मनुष्य की मूर्ति की आराधना करना था। यह उसी तरह से होता जाता है, जब लोगो को मनुष्यो की मूर्तियों के आगे झुकने के लिए दबाव डाला जाएगा। यह उस प्रकाशन के द्वारा अन्दर आया, जिसका दानियेल वचन का अनुवाद कर सका था, जो दीवार पर हस्तलेख की लिखावट थी। इसी प्रकार से ये अन्दर आया, और उसी प्रकार से यह बाहर चला जाता है, जो अन्य जाति की मूर्तियां है।

92 ध्यान दें, उन्होंने इसे करने से इनकार किया। और उन्होंने क्या किया था? अब्राहम का बीज वचन के प्रति सच्चा बनकर खडा हुआ, और उन्होंने शत्रु के फाटक पर अधिकार किया है, उस आग का। उन्होंने इसे किया। तो, परमेश्वर का वचन सच्चा है।

93 दानियेल की एक सच्चे परमेश्वर की आराधना करने पर परीक्षा की गई थी। उसकी इसके लिए परीक्षा की गई थी, और उस परीक्षा के समय पर,

वो खड़ा रहा। और परमेश्वर ने क्या किया, उसके बाद ऐसा दिखाई दिया कि यह उसके लिए मुश्किल है, जैसे हम क्या कहेंगे? और उन्हें समझ नहीं आया कि क्या करना है। वे उसे सिंहो को खिलाने जा रहे थे। लेकिन दानियेल परीक्षा में सच्चा बना रहा, कि वहां पर एक सच्चा परमेश्वर है, और उसने उसके शत्रु के फाटक पर अधिकार किया। परमेश्वर ने सिंहो के मुंह को बंद कर दिया।

94 मूसा उस परीक्षा में परमेश्वर की प्रतिज्ञा के प्रति सच्चा बना रहा, यन्रेस और यम्ब्रेस के गलत अनुवादको के सामने। देखो, परमेश्वर ने उससे मुलाकात की, अलौकिक के साथ, उसे बताया कि जाकर इन चीजों को करें, उन चिन्हों को दिखाता है, और हर एक चिन्ह के पास एक आवाज होगी। मूसा सीधा आगे निकल गया, बिल्कुल वैसे ही सच्चाई से जितना वह जानता था। उसने छड़ी को नीचे फेंका, और वो एक सर्प के अन्दर बदल गयी। आप जानते हैं कि क्या हुआ? और यहां पर नक़ल करनेवाले आकर और उसी चीज को करते है।

95 अब, मूसा ने अपने हाथों को पीछे नहीं हटाया, कहा, "तो, मैं सोचता हूं कि यह सब गलत है।" वह वहां बना रहा और परमेश्वर पर रुका रहा। वह सच्चा बना रहा। कोई फर्क नहीं पड़ता कि वहां पर कितने नकल करने वाले थे, वह सच्चा बना रहा। और जब वह उसके कार्य आदेश के लिए सच्चा बना रहा जिससे कि उन लोगों को उस स्थान से बाहर निकाले, जब उसके मार्ग पर एक जल का फाटक आ गया, परमेश्वर ने उसे इस पर अधिकार दिया, और उसने पवित्र आत्मा के स्तंभ के द्वारा उस फाटक को खोल दिया, जो उनकी अगुवाई कर रहा था। वो लोगों को प्रतिज्ञा देश की ओर ले कर गया।

96 यहोशू, एक और महान अगुवाही करने वाला। केवल दो ही... उसमें से उस प्रतिज्ञा देश के अंदर गए थे, यहोशू और कालीब। वे एक ऐसे स्थान पर आए, जिसे कार्देश कहा जाता था, जो उस समय पर संसार के मध्य में था, यहाँ तक कि यह न्याय का आसन था। और, ओह, उन्होंने उस देश को देखने के लिए वहां पर बारह भेदियो को भेजा, और वे बारह वापस आये।

97 उनमें से दस ने कहा, "ओह, यह बहुत कठिन काम है। हम बस इसे नहीं कर सके। तो, वे लोग, उन लोगो के सामने हम टिड्डीयां दिखाई

देते थे।"

98 लेकिन यहोशू ने क्या किया? उसने लोगों को शांत किया। उसने कहा, "एक मिनट रुकना। हम इसे लेने में इससे भी ज्यादा सक्षम हैं, कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम लोग कितने छोटे हैं, या हमारी संख्या कितनी कम है।" वह क्या कर रहा था? वह उस प्रतिज्ञा के प्रति सच्चा खड़ा हुआ था, "मैं तुम्हें इस देश को देता हूँ," लेकिन तुम्हें इसके हर एक इंच के लिए लड़ना होगा।

99 क्या आप मातायें यह विश्वास करती हैं? परमेश्वर आपको चंगाई को दे चूका है, लेकिन आपको इसके हर एक इंच के लिए लड़ना होगा। "जहां कहीं भी तेरे पांव के कदम पड़ते हैं मैं तुम्हें उस पर अधिकार को देता हूं।" *पद चिन्ह* का मतलब होता है "अधिकार।" यह सब तुम्हारा है, हर एक प्रतिज्ञा तुम्हारी है, लेकिन तुम्हे मार्ग के हर एक इंच में अब लड़ना होगा।

100 अब, यहोशू जान गया कि परमेश्वर ने क्या कहा। वह एक अब्राहम का बीज था। समझे? उसने कहा, "मैं इसे विश्वास करता हूं कि परमेश्वर हमें देश को दिया है, और हम इसे लेने में सक्षम हैं।" और क्योंकि वह परीक्षा में बना रहा, सारे इस्राइलीयों के झुंड के विरोध में, सारी जातियों के, और सारे लोग शिकायत करने लगे और चिल्लाने लगे। यहोशु ने कहा, "शांत रहो! परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है।"

101 कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप लोग कितने बड़े हैं, और कोई भी विरोधी होने दो, और डॉक्टर ने क्या कहा, परमेश्वर ने प्रतिज्ञा को दिया है। यह परमेश्वर पर है कि इसे करें।

102 उसने क्या किया? जब वह यरदन नदी के किनारे पर आया, उसने फाटक पर अधिकार किया। यही है जो उसने—उसने किया था।

103 येरियो, बंद किया गया, जैसे कछुआ खोल में छुप जाता है। उसने क्या किया? उसने फाटक पर अधिकार किया।

104 हर एक दिन जब उसका शत्रु उसे लेने की कोशिश कर रहा था, उसने शत्रु के फाटक पर अधिकार किया, इतना तक कि उसने सूर्य को रुकने की आज्ञा दी। और सूर्य ने उसकी आज्ञा का पालन किया, और चोबीस घंटो तक जरा भी नहीं घुमा।

105 परमेश्वर उसकी प्रतिज्ञा के लिए प्रति सच्चा है, कोई फर्क नहीं पड़ता उसे क्या भी करना पड़े; इससे पहले कि उसका वचन चुके वो स्वर्ग को

खाली कर देगा। वो कभी भी एक प्रतिज्ञा को नहीं करेगा, जिसे वो नहीं पूरा नहीं कर सकता है। "मैं परमेश्वर हूं तुम्हारे सारे रोगों को चंगा करता हूं। यदि वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, वे चंगे हो जायेंगे।" आमीन। "यदि वे विश्वास कर सकते है, सारी बातें संभव है।"

106 यहोशु ने इसे विश्वास किया, हालाँकि परमेश्वर ने उस पृथ्वी को घूमने से रोक दिया था। वहां पर कुछ ऐसी सामर्थ के द्वारा इसे थाम लिया, जो उसकी खुद की सामर्थ थी; कि संसार चोबीस घंटो तक कभी भी घुमा नहीं था, जब तक कि यहोशू ने खुद उसके शत्रु पर प्रतिशोध को नहीं ले लिया। उसने फाटकों पर कब्ज़ा कर लिया। निश्चय ही, उसने किया था। परमेश्वर हमेशा ही सच्चा होता है।

107 अब मैं चाहता था, हमारे पास समय होता था तो हम कुछ और शुरवीरो को लेते, लेकिन मेरे पास अब दस मिनट है। देखो, वे सारे बहुमूल्य शुरवीर के जैसे थे, और वे महान विश्वास के योद्धा, वे सारे उस मृत्यु के फाटक पर मर गये। वे सारे ठीक मृत्यु के फाटक पर खत्म हो गए।

108 उसके बाद वहां पर आगे अब्राहम का शाही बीज आता है। वे सारे इसहाक से लेकर स्वाभविक बीज थे। लेकिन यहां पर अब्राहम का शाही बीज आता है, जो मसीह था, अब्राहम के विश्वास का बीज; हमें जो होना चाहिए, हमें तो केवल देखना है कि किस तरह से हम बीज हैं या नहीं हैं। वो स्वभाविक बीज केवल एक प्रतीक था। उन सारे दुसरो का स्वाभाविक जन्म हुआ था, लेकिन वो एक कुंवारी से जन्मा था। देखो, वह तब अब्राहम का बीज नहीं था, एक यहूदी। वो प्रतिज्ञा के विश्वास के बीज के द्वारा आया। और तब हमें इस मनुष्य के जरिए से उसकी संतान होना चाहिए।

